# MODEL SAMPLE QUESTION

## CLASS – X SUBJECT – HINDI – A

## SET – 4

**Times- 3 Hours** **FULL MARKS – 90**

**पूर्णांक – ९०**

**खण्ड – क (अपठित गद्यांश एवं काव्यांश)**

---

I) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

नैतिक शिक्षा व्यक्ति में सहज मानवीय गुणों को उजागर करने में निश्चय ही बहुत अधिक सहायक हो सकती है। वह संयम, अनुशासन, चारित्रिक दृढ़ता, निर्भरता, अटूटता आदि का संचार कर सकती है। नैतिक शिक्षा ही हमें यह सिखा सकती है कि जीवन और समाज में किस व्यक्ति का क्या स्थान और महत्व है। समाज में सामूहिक और वैयक्तिक स्तर पर कब कहाँ हमारा आचरण–व्यवहार कैसा रहना चाहिए। कहाँ हमें झुकना है और कहाँ हर मूल्य पर अड़ या डट जाना चाहिए। यह एक निर्भ्रान्त सत्य है कि जीवन, समाज, देश और राष्ट्र व्यक्तियों के आचरण से ही पहचाना जाता है, साथ ही यह भी निर्भ्रान्त और परीक्षित सत्य है कि व्यक्ति के सदाचरण और व्यवहार का निर्माण उसकी प्रत्यक्ष–परोक्ष शिक्षा के द्वारा ही होती है। शिक्षा भी ऐसा तभी कर सकती है कि जब उसके कुछ अपने नैतिक मान और मूल्य हो। कोश से शब्द ज्ञान करा देना या कुछ विषय रटा देना ही तो शिक्षा नहीं है, न उसका वास्तविक प्रयोग ही आदमी में आदमीपन का विकास करना है। यह विकास ही नैतिकता की प्रतिष्ठा है, जिसके अभाव में सुशिक्षा भी कुशिक्षा ही है।

नैतिक शिक्षा व्यक्ति को सदव्यवहार, सदाचार का आधार तो प्रदान करती है, उसे मन और आत्मा की उज्ज्वलता भी प्रदान करती है। यह उज्ज्वलता ही व्यक्ति को वह प्रकाश देती है जिसकी छाया में वह अपने साथ–साथ सभी का हित–साधन कर सकता है।

**सही विकल्प को चुने :– (4x1)**

1) समाज में व्यक्ति किस गुण से पहचाना जाता है? 1

(क) आचरण से (ख) नाम से

(ग) सुंदरता से (घ) धन से

2) कैसी शिक्षा व्यक्ति में मानवीय गुणों को उजागर करती है? 1

(क) धार्मिक शिक्षा (ख) नैतिक शिक्षा

(ग) दोस्त की शिक्षा (घ) रटने वाली शिक्षा

3) व्यक्ति के सदाचरण और व्यवहार का निर्माण किससे होता है? 1

(क) बल से (ख) बुद्धि से

(ग) प्रत्यक्ष–परोक्ष शिक्षा से (घ) कपड़े से

4) 'सुशिक्षा' का विलोम होगा। 1

(क) सुशिक्षित (ख) कुशिक्षा

(ग) बुभुक्षा (घ) परीक्षा

II) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :– (2x1 =2)

5) यह ........ ही नैतिकता की प्रतिष्ठा है। 1

6) यह उज्ज्वलता ही व्यक्ति को वह ......... देती है, जिसकी छाया में वह अपने साथ–साथ सभी का हित–साधन कर सकती है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :–

7) नैतिक शिक्षा व्यक्ति को क्या–क्या प्रदान करती है? 2

8) नैतिक शिक्षा हमें क्या सिखा सकती है? 2

III) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

साक्षी है इतिहास हमी पहले जागे हैं
जाग्रत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं।
शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं?
कायरता से प्राण कहाँ हमने त्यागे हैं?
है हमी प्रकंपित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय
फिर एक बार हे विश्व! तुम गाओ भारत की विजय।।
यहाँ प्रकंपित नहीं रहा है तेज हमारा

दलित कर चुके शत्रु सदा हम पैरों द्वारा।
बतलाओं तुम कौन नहीं जो हमसे हारा
पर शरणागत हुआ कहाँ कब हमें न प्यारा।
बस युद्धमात्र को छोड़कर कहाँ नहीं है हम सदय।
फिर एक बार हे विश्व! तुम गाओ भारत की विजय।

**सही विकल्प को चुने :– (4x1)**

(अ) 9) कवि विश्व से क्या आग्रह कर रहा है? 1

(क) भारत की विजय गाथा का (ख) युद्ध का

(ग) कायरता का (घ) शरणागत का

10) हमारे पहले जागने का साक्षी कौन है? 1

(क) शत्रु (ख) इतिहास

(ग) विश्व (घ) सुरपति

11) 'शरणागत' का शाब्दिक अर्थ क्या होता है? 1

(क) शासन करने वाला (ख) शत्रु

(ग) मित्र (घ) शरण में आया हुआ।

12) कायरता का विलोम होगा– 1

(क) कायर (ख) वीरांगना

(ग) वीरता (घ) वीरगति

(ब) रिक्त स्थानों को भरें :– (2x1 =2)

13) ......... सब हो रहे है हमारे आगे। 1

14) यहाँ .......... नहीं रहा है तेज हमारा 1

(स) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न :– (2x2 =4)

15) हमारी दयालुता कहाँ प्रकट नहीं होती है? 2

16) शत्रु के साथ हमारा व्यवहार कैसा होता है? 2

## खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)

IV) सही विकल्प को चुनें :– (10x1=10)

17) 'तुम कहाँ रहते हो ?' इस वाक्य में प्रस्तुत क्रिया के भेद बताएँ। 1

(क) प्रेरणार्थक (ख) अकर्मक

(ग) सकर्मक (घ) द्विकर्मक

18) 'रानी ने साँप को मार दिया।' इस वॉक्य में कौन क्रिया–भेद है ? 1

(क) अकर्मक (ख) द्विकर्मक

(ग) सकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

19) 'वह प्रतिदिन कई किलोमीटर दौड़ता है।' क्रिया पद छाँटकर बतावें।1

(क) किलोमीटर (ख) दौड़ता है

(ग) प्रतिदिन (घ) वह

20) 'उसने खाना खाया और सो गया।' कौन सा वाक्य है ? 1

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

21) 'जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ, सब लोग घर चले गए।' वाक्य का नाम बताबें ? 1

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) आश्रित वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

22) 'बच्चा दूध पीकर सो गया।' वाक्य का भेद बताबें। 1

(क) सरल वाक्य (ख) उपवाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) मिश्र वाक्य

23) 'योग' का अनेकार्थी शब्द नहीं है ? 1

(क) जोड़ (ख) व्यायाम

(ग) ध्यान (घ) घटाव

24) ''उपचार'' का सही अर्थ है – 1

(क) उपकार (ख) आचार

(ग) इलाज (घ) अपकार

25) निम्न में से 'आर्य' का सही अर्थ नहीं है? 1

(क) कुलीन (ख) उत्तम

(ग) पूज्य (घ) आय

26) 'नायक' का सही अर्थ नहीं है? 1

(क) नाई (ख) नेता

(ग) मार्गदर्शक (घ) सेनापति

V) रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :– (6x1=6)

27) मोहन .......... राधा एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं। 1

28) आप ........... मैं दोनों चलेंगें। 1

29) वह .......... खा रहा है। 1

30) वह ....... सच बोलता है। 1

31) ...........! तुमने यह क्या कर डाला? 1

32) वह ............ आया है। 1

33) मिश्र वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित विश्लेषण करें। 4

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तकें)

VI) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

शहनाई के इसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खाँ साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे है। सच्चे सुर के नेमत। अस्सी बरस की पाँचों वक्तों की नमाज इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं – 'मेरे मालिक एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह आँसू निकल आएँ।' उनको यकीन है, कभी खुदा यूँ ही उन पर मेहरबान होगा।

अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरूद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी।

प्रश्न 34) नमाज के बाद बिस्मिल्ला खाँ खुदा से क्या माँगते थे? 1

(क) धन (ख) बुद्धि

(ग) सच्चा सुर (घ) शहनाई

35) बिस्मिल्ला का नमाज और सजदे का क्या उद्देश्य रहता था? 2

36) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है? 2

37) बिस्मिला खाँ किस सुर की तलाश में हैं? 2

VII) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2X4 = 8

38) पान वाले का एक रेखा चित्र प्रस्तुत करें।

अथवा

भगत के व्यक्तित्व और वेशभूषा का अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत करें।

39) फादर बुल्के भारतीय संस्कृति के एक अभिन्न अंग है, किस आधार पर ऐसा कहा गया है?

अथवा

वह कौन-सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका (मन्नू भंडारी) को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया और न अपने कानों पर?

VIII) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया,
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन
छाया मन छूना
मन, होगा दुख दूना।

प्रश्न 40) उपर्युक्त काव्यांश के कवि का नाम क्या है? 1

(क) सूरदास (ख) नागार्जुन

(ग) गिरिजा कुमार माथुर (घ) मंगलेश डबराल

41) कवि अपने जीवन में किस–किस से वंचित रहा? 2

42) 'प्रभुता का शरण बिंब' से कवि का क्या आशय है? 2

43) कवि ने छाया को छूने के लिए मना क्यों किया है? 2

IX) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2X4=8

44) गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है?

अथवा

'उत्साह' कविता का संदेश क्या है?

45) माँ ने बेटी को क्या–क्या सीख दी?

अथवा

कवि नागार्जुन ने बच्चे की मुसकान के सौन्दर्य को किन–किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है?

46) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है? 5

**अथवा**

लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक–सी क्यों दिखाई दी?

## खण्ड – घ (रचना लेखन)

47) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखें :– 5

(क) दहेज प्रथा

(भूमिका, बुराई, दुष्परिणाम, रोकने के उपाय)

(ख) विज्ञान का चमत्कार

(वरदान के रूप में, अभिशाप के रूप में, निष्कर्ष)

(ग) स्वास्थ्य का महत्व

(स्वस्थ शरीर एक वरदान, अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ, स्वास्थ्य वरदान क्यों)

48) प्रश्नः– अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें जिसमें झारखण्ड के ऐतिहासिक स्थल के बारे में वर्णन हो। 5

**अथवा**

अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।

49) शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार करें। 5

**अथवा**

आप आपने पुराने फ्रिज को बेचने के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार करें।